हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 15 अप्रैल 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि महिला आरक्षण विधेयक कल से शुरू हो रहे संसद के विशेष सत्र में पेश किया जाएगा। यह विधेयक हर राज्य, समुदाय और क्षेत्र की आकांक्षाओं को पूरा करता है।

नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से संपर्क किया है और इस विधेयक का सभी ने समर्थन किया। इस विधेयक को कल से शनिवार तक चलने वाले विशेष संसद सत्र में पेश किया जाएगा। श्री रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय हित में एकजुट होने के लिए सभी राजनीतिक दलों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण राजनीतिक मुद्दा नहीं हो सकता और इस विधेयक की प्रक्रिया में देरी नहीं की जा सकती।

****

केंद्र सरकार ने देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम में पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए दस हजार करोड़ रुपये के कोष के साथ दूसरे चरण का स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स अधिसूचित कर दिया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत निवेश वैकल्पिक निवेश कोष पर केंद्रित होगा। मंत्रालय ने कहा है कि परिचालन दिशानिर्देश और वेंचर कैपिटल इन्वेस्टमेंट कमिटी की संरचना, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा जारी की जाएगी। मंत्रालय ने बताया कि लघु उद्योग विकास बैंक -एसआईडीबीआई अधिसूचना की तिथि से कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में योजना का संचालन शुरू करेगा। यह योजना देश के नवाचार-आधारित विकास एजेंडा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

****

हरियाणा सरकार ने पीएम श्री विद्यालयों और वरिष्ठ माध्यमिक मॉडल संस्कृति स्कूलों के बीच राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सभी उपायुक्तों एवं मंडल आयुक्तों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए

गए हैं। विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि यह पहल विद्यालयों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देगी तथा उन्हें अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने और उत्कृष्ट उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगी।

****

पलवल अनाज मंडी में गेहूं की खरीद सुचारू रूप से जारी है। पलवल की नगर आयुक्त मनीषा शर्मा ने बताया कि मंडी में 50 प्रतिशत उठान हो चुका है।गेहूं की खरीद को लेकर प्रतिदिन खरीद एजेंसियों,आढ़तियों और किसानों के साथ बैठक की जा रही है।

1 - मनीषा शर्मा- 16 सेकंड

उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे किसानों के हित में सरकार द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों का अनुपालन करें।

सुश्री मनीषा शर्मा ने बताया कि अभी तक मंडी में 3 लाख 97 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। वहीं 47 करोड़ रुपए की अदायगी सीधे किसानों के खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि आज भी करीब 10 करोड़ रुपए की अदायगी किसानों के खातों में की जाएगी किसानों को फसल की अदायगी के मामले में कोई परेशानी नहीं आएगी।

****

फरीदाबाद में पुलिस व्यवस्था को और पारदर्शी व जवाबदेह बनाने की दिशा में एक नई पहल की गई है। अब आम नागरिक अपने अनुभव और शिकायतों से जुड़ी प्रतिक्रिया सीधे QR कोड स्कैन कर दर्ज कर सकेंगे। यह सुविधा शहर के सभी पुलिस थानों, चौकियों और अधिकारियों के कार्यालयों में उपलब्ध कराई गई है।

पुलिस उपायुक्त श्रीमती हिमाद्री कौशिक ने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा यह कदम नागरिकों की सुविधा और सेवा गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से उठाया गया है।उन्होंने कहा कि इस से पुलिस सेवाओं की निगरानी और सुधार में मदद मिलेगी।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि प्रतिक्रिया देने की प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाने के लिए पांच बिंदु निर्धारित किए गए हैं। इनमें कार्यालय में मिलने वाली संतुष्टि को 1 से 5 के पैमाने पर आंका जाएगा। इसमे कार्यालय का वातावरण स्वच्छ और पेशेवर होना, स्टाफ का सहयोगी और जानकार होना, परिसर तक पहुंच की सुगमता, तथा सेवा वितरण से संतुष्टि

शामिल हैं।इसके अलावा नागरिक अपनी ओर से सुझाव और विशेष टिप्पणियां भी दर्ज कर सकते हैं।

****

दादरी के गाँव सारंगपुर के सरकारी स्कूल का नाम शहीद अमित सांगवान के नाम पर रखा गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 11 अप्रैल को दादरी में आयोजित विकसित रैली के दौरान उस स्कूल का नाम शहीद के नाम पर रखने की घोषणा की थी। चरखी दादरी के विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि प्रदेश सरकार शहीदों के सम्मान और उनके बलिदान को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। मुख्यमंत्री की घोषणा के अगले ही दिन संबंधित विभाग ने सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए स्कूल का नाम शहीद अमित सांगवान के नाम पर कर दिया। विधायक ने कहा कि यह निर्णय न केवल शहीद के परिवार के लिए सम्मान का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

****